मान्यवर, वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह का 31 मई, 2021 को लगभग 54 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका आकस्मिक निधन हम सबके लिए दुःखद है। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह सर्वप्रथम सन् 2000 के उप चुनाव में व वर्ष, 2002 में निर्वाचन क्षेत्र सोरो, जिला एटा से राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। वर्ष 2017 में वे भारतीय जनता पार्टी से जिला कासगंज के अमॉपुर विधान सभा क्षेत्र से विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए। वे विधान सभा की विभिन्न समितियों के सदस्य रहे थे। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह एक व्यवहार कुशल और लोकप्रिय छवि के नेता थे। जनप्रतिनिधि के रूप में वे अपने क्षेत्र के विकास एवं सामाजिक कार्यों में सदैव प्रयत्नशील रहे। विभिन्न सामाजिक एवं राजनैतिक आन्दोलनों में भी उन्होंने सक्रिय भूमिका निभायी। उनके निधन से प्रदेश एवं पार्टी ने एक समर्पित नेता एवं कुशल राजनीतिज्ञ खो दिया है। मैं उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करता हूँ और ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए उनके दुःखी परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूँ।

मान्यवर, इस अवसर पर मैं इस माननीय सदन की ओर से कोरोना से दिवंगत हुए उन सभी नागरिकों के प्रति भी जिन्होंने इस महामारी से जूझते हुए अपने प्राण त्यागे हैं। उन कोरोना वारियर्स को, उन हेल्थ वर्कर्स को, जिन्होंने दूसरों की जान बचाते हुए अपनी आहुति दी है, उन सब के प्रति भी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ और आपसे विनम्र अनुरोध करता हूँ कि सदन की भावनाओं से शोक-संतप्त परिजनों को अवगत कराने और धर्म-परिवार के प्रति भी हमारी संवेदना को पहुंचाने का कष्ट करें, ऊँ शान्ति।

नेता, विरोधी दल (श्री राम गोविन्द चौधरी)-

आज का दिन बहुत ही कष्ट और दुख देने वाला दिन है। इस बीच हमारे कई सदस्य जो पिछली बार विधान सभा में हम लोगों के साथ थे आज हम लोगों के साथ नहीं है। इसका कष्ट पूरे विधान सभा के माननीय सदस्यों को है। उत्तर प्रदेश की विधान सभा के सदस्य श्री विजय कुमार कश्यप जी का 18 मई 2021 को निधन हो गया, वे लगभग 56 वर्ष के थे। श्री विजय बहादुर कश्यप जी का जन्म 19 फरवरी 1965 को नानौता जिला, सहारनपुर में हुआ था। उन्होंने स्नातकोत्तर की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री विजय कुमार कश्यप जी वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र चरथावल, जिला मुजफ्फरनगर से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री विजय कुमार कश्यप, श्री योगी आदित्य नाथ जी के मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री थे। वे विधान सभा की आचार समिति के सदस्य भी रहे। वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, सहारनपुर के जिला बौद्धिक प्रमुख थे। सामाजिक कार्यों में तथा अध्ययन में उनकी विशेष रुचि थी। श्री विजय कुमार कश्यप के निधन से एक कर्मठ, समाजसेवक एवं एक राजनीतिज्ञ को हमने खोया है। उनके निधन से राजनीतिक क्षेत्र में एक सूनापन आया है। मैं उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि उनकी आत्मा को शान्ति दे तथा उनके परिवार, शुभचिन्तकों और मित्रों को इतनी शक्ति दे कि इस दुख को सहन करने में समर्थ हो सके।

उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव जी का 23 अप्रैल, 2021 को निधन हो गया। वे लगभग 77 वर्ष के थे। श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव जी का जन्म 06 जून 1944 को जिला बलरामपुर में हुआ था। उन्होंने स्नातकोत्तर की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव वर्ष 1996, 2002 व 2007 में निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ मध्य से तथा वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ पश्चिम, जिला लखनऊ से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव विधान सभा की विभिन्न समितियों एवं अधिष्ठाता-मण्डल के सदस्य थे। उन्होंने राम जन्मभूमि आन्दोलन में भाग लिया तथा जिला कारागार, उन्नाव में बन्दी रहे थे। वे भारतीय शिशु मन्दिर राजाजीपुरम लखनऊ के अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश रेडक्रास सोसाइटी के उप सभापति भी थे। समाजसेवा,

राजनीति, साहित्य-सृजन एवं शिक्षा में उनकी विशेष रुचि थी। श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव के निधन से बहुत ही कष्ट हुआ। एक राजनीतिक कार्यकर्ता, राजनीतिक नेता, समाजसेवा में गहन उनकी रुचि थी और जो सबसे बड़ी बात है माननीय अध्यक्ष जी कि हम सारे माननीय सदस्यों की बात आप से और माननीय मुख्य मंत्री जी से नहीं कह पाते थे। श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव उन बातों को माननीय मुख्य मंत्री से कहकर माननीय सदस्यों की बातों को इनके पास रखते थे। आज वैसा कोई सदस्य नहीं है जो हम लोगों की बात माननीय मुख्य मंत्री जी के सामने रख सके। इनके निधन से मन में भी कष्ट है पूरी विधान सभा कष्ट में है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि हे ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति दे तथा उनके परिवार, शुभचिन्तक, सहयोगी और क्षेत्र के लोगों को इतनी शक्ति दे कि इस दुख को सहन कर सकें उनकी आत्मा को भगवान शान्ति दे।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य श्री रमेश चन्द्र दिवाकर जी का 23 अप्रैल, 2021 को निधन हो गया। वे लगभग 58 वर्ष के थे। श्री रमेश चन्द्र दिवाकर का जन्म 25 जनवरी, 1963 को जिला औरैया में हुआ था। उन्होंने एम0ए0, एम0काम0, बी0पी0एड0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री रमेश चन्द्र दिवाकर वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र औरैया जिला औरैया से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री रमेश चन्द्र दिवाकर विधान सभा की प्रश्न एवं सन्दर्भ समिति के सदस्य थे। वे एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं सामाजिक कार्यकर्ता थे। वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए हमेश प्रयत्नशील रहते थे। समाज कल्याण एवं खेलकूद में उनकी विशेष रुचि थी। श्री रमेश चन्द्र दिवाकार जी के निधन से राजनीतिक क्षेत्र में सूनापन आया है तथा एक राजनीतिक कार्यकर्ता नेता हमारे बीच से चला गया है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि उनकी आत्मा को शान्ति दे तथा उनके सहयोगी मित्र परिवार और उनके क्षेत्र के लोगों को इतनी शक्ति दे कि इस कठिन दुख को सहने में सक्षम हो सके।

माननीय अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री केसर सिंह का 28 अप्रैल, 2021 को निधन हो गया। वे लगभग 61 वर्ष के थे। श्री केसर सिंह का जन्म 15 अप्रैल, 1960 को ग्राम अहमदाबाद, नवाबगंज, जिला बरेली में हुआ था। उन्होंने इण्टरमीडिएट की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री केसर सिंह वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र नवाबगंज, जिला बरेली से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे विधान परिषद् के सदस्य भी रहे थे। श्री केसर सिंह जी विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्य थे। वे एक कुशल सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता थे। वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए सतत् प्रयत्नशील रहते थे। समाजसेवा में उनकी विशेष रुचि थी। श्री केसर सिंह के निधन से विधान सभा को क्षति हुई है, राजनीति की क्षति हुई है, समाज की क्षति हुई है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि हे ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति दे तथा उनके क्षेत्र, परिवार, सहयोगी एवं उनके मित्रों को इतनी शक्ति दे कि वह इस गहन कठिन आपदा को सहन कर सकें।

माननीय अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री दल बहादुर का 07 मई, 2021 को निधन हो गया। वे लगभग 64 वर्ष के थे। श्री दल बहादुर का जन्म 28 जुलाई, 1957 को पदमनपुर, बिजौली, जिला रायबरेली में हुआ था। उन्होंने हाई स्कूल तक की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री दल बहादुर वर्ष 1993, 1996 एवं 2017 में निर्वाचन क्षेत्र सलोन, जिला रायबरेली से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री दल बहादुर विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य थे। वे श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री रहे थे। वे जन आन्दोलन के अन्तर्गत जिला कारागार, रायबरेली में बन्दी रहे थे। समाजसेवा तथा क्षेत्रीय विकास में उनकी विशेष रुचि थी। श्री दल बहादुर के निधन से राजनीति में एक सूनापन सा आया है, समाजसेवा के क्षेत्र में भी सूनापन आया है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि हे ईश्वर दल बहादुर जी की आत्मा को शान्ति दे तथा उनके परिवार, मित्र, उनके सहयोगी और उनके क्षेत्र के लोगों को इतनी शक्ति दे कि वह इस महान कष्ट को सहन कर सकें।

उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह का 31 मई, 2021 को निधन हो गया। वे लगभग 54 वर्ष के थे। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह का जन्म 19 सितम्बर, 1966 को हाजीपुर, जिला कासगंज में हुआ था। उन्होंने स्नातक की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह वर्ष 2000 में हुए उपचुनाव व 2002 में निर्वाचन क्षेत्र सोरो, जिला एटा से राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी के टिकट पर तथा वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र अमॉपुर, जिला कासगंज से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह विधान सभा की विभिन्न समितियों के सदस्य रहे थे। वे विभिन्न आन्दोलनों के अन्तर्गत जिला कारागार, एटा में बन्दी रहे थे। वे श्री कल्याण सिंह इण्टर कालेज, हाजीपुर, सिदपुरा व श्रीमती गनेशी देवी गौशाला समिति, हाजीपुर के अध्यक्ष भी रहे थे। समाजसेवा, जनसेवा एवं कृषि कार्य में उनकी विशेष रुचि थी। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह के निधन से राजनीति में, समाजसेवा में बहुत ही कमी आयी है। मैं उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। इसके अलावा मान्यवर, इस भयंकर कोरोना काल में जितने भी स्वास्थ्यकर्मी, डॉक्टर, सफाईकर्मी, शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी तथा पूरे प्रदेश में लगभग करोड़ जनता की जो आकस्मिक मृत्यु हुई है, उनके प्रति भी मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ और आपसे प्रार्थना करता हूँ कि जितने भी लोगों को मैंने श्रद्धांजलि अर्पित की है आप मेरी संवेदनाएं उनके शोक-संतृप्त परिवारों तक पहुंचाने की कृपा करें।

***श्री शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली-**

माननीय अध्यक्ष महोदय आज का दिन वाकई बहुत दुःखद है क्योंकि आज अभी इससे पहले सत्र में हमारे भाई हमारे साथी हमारे साथ बैठे हुए थे। हम लोग एक दूसरे से चर्चा

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

करते थे और फिर कुछ ही समय में 6 लोग हम सबको छोड़ कर के चले गए। माननीय अध्यक्ष महोदय जी पहला श्री विजय कुमार कश्यप जी, जिनका निधन 18 मई, 2021 को हुआ वो लगभग 56 वर्ष के थे। श्री विजय कुमार कश्यप जी वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र चरथला, जिला मुजफ्फरनगर से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री विजय कुमार कश्यपा जी माननीय योगी सरकार के मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री भी थे। वो विधान सभा की आचार समिति के सदस्य भी रह चुके है वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, सहारनपुर जिला बौद्धिक के प्रमुख रह चुके थे। सामाजिक कार्यों तथा अध्ययन में उनकी विशेष रुचि थी। श्री विजय कुमार कश्यप के निधन से प्रदेश ने कुशल राजनीतिज्ञ और समाजसेवी खो दिया है। उनके जाने से हम सब दुःखी हैं। मान्यवर, श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव, जिनका निधन 23 अप्रैल, 2021 को हुआ वो लगभग 77 वर्ष के थे। श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव साहब 1996, 2002 व 2007 में निर्वाचित होकर लखनऊ के मध्य से तथा 2017 में निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ पश्चिम, जिला लखनऊ से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए। श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव जी विधान सभा के विभिन्न समितियों के एवं अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य भी थे। उन्होंने राम जन्मभूमि आन्दोलन में भाग लिया था तथा जिला कारागार, उन्नाव में बन्दी रहे थे। वो भारतीय शिशु मंदिर राजाजीपुरम, लखनऊ के अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी के उप सभापति भी थे। समाजसेवा, राजनीति, साहित्य-सृजन एवं शिक्षा में उनकी विशेष रुचि थी। श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव जी के निधन ने एक कुशल राजनीतिज्ञ और समाजसेवी खो दिया है। और हम सब लोग उनके जाने से बहुत दुखी हैं।

श्री रमेश चन्द्र दिवाकर साहब जिनकी मृत्यु 23 अप्रैल, 2021 को हुई वो लगभग 58 वर्ष के थे। श्री रमेश चन्द्र दिवाकर जी का जन्म 25 जनवरी 1963 जिला औरैया में हुआ था। श्री रमेश चन्द्र दिवाकर साहब 2017 में निर्वाचन क्षेत्र औरैया, जिला औरैया से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री रमेश चन्द्र दिवाकर साहब विधान सभा के प्रश्न एवं संदर्भ समिति के सदस्य थे। वो एक कुशल राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता थे। वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहते थे। समाज कल्याण एवं खेल कूद में उनकी विशेष रुचि थी। श्री रमेश चन्द्र दिवाकर के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

श्री दल बहादुर जी जिनकी मृत्यु 07 मई, 2021 को हुई, वह लगभग 64 वर्ष के थे। श्री दल बहादुर जी का जन्म 28 जुलाई, 1957 को पदमनपुर, बिजौली, जिला रायबरेली में हुआ था। श्री दल बहादुर जी 1993, 1996 तथा 2017 में निर्वाचन क्षेत्र सलोन जनपद-रायबरेली से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान के सदस्य चुन करके आये थे। श्री दल बहादरु उत्तर प्रदेश विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य थे। वह श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री रहे थे। वह जन आन्दोलनों के अन्तर्गत

जिला कारागार रायबरेली में बन्दी भी रहे थे। समाज सेवा तथा क्षेत्रीय विकास में उनकी विशेष रुचि थी। श्री दल बहादुर जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाज सेवी खो दिया है।

श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह जिनकी मृत्यु 31 मई, 2021 को हुई। वह लगभग 54 वर्ष के थे। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह वर्ष 2000 में हुए उपचुनाव व 2002 में निर्वाचन क्षेत्र सोरों, जिला एटा से राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी के टिकट पर तथा वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र अमॉपुर जिला कासगंज से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह विधान सभा की विभिन्न समितियों के सदस्य थे। वह विभिन्न आन्दोलनों के अन्तर्गत जिला कारागार एटा में बन्दी भी रहे थे। वह श्री कल्याण सिंह इण्टर कालेज, हाजीपुर तथा सिदपुरा व श्रीमती गनेशी देवी गौशाला समिति, हाजीपुर के अध्यक्ष भी रहे। समाज सेवा, जनसेवा, कृषि कार्य में उनकी विशेष रुचि थी। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ और समाजसेवी खो दिया है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, जिन्दगी का यही सच है कि जो इस दुनिया में आया है उसे एक दिन जाना है। मगर कुछ लोग ऐसे होते हैं जो जाने के बाद भी कहीं न कहीं अपने कर्मों से, कार्यों से, समाज के लिए दिए गए योगदान से वह समाज में जीवित रहते हैं, लोग उन्हें याद करते हैं। शायद ऐसे लोगों के लिए किसी ने कहा है कि-

चले गये तो पुकारेगी हर सदा हमको,
न जाने किन-किन जुबानों से हम बयां होंगे।

माननीय अध्यक्ष जी, हम लोग अपने साथियों के जाने से बहुत दुःखी हैं और मेरी तो सहानुभूति भारतीय जनता पार्टी के लिए भी बहुत ज्यादा है क्योंकि ये सभी माननीय सदस्य उन्हीं की पार्टी के थे। उन लोगों को बहुत बड़ी क्षति हुई है, समाज को और पूरे प्रदेश को तो क्षति हुई ही है। साथ ही साथ माननीय अध्यक्ष जी, कोरोना से भी बहुत बड़े पैमाने पर मौतें हुई हैं। वह तमाम हमारे भाई, हमारे लोग हमको छोड़कर चले गये चाहे वे डाक्टर्स, शिक्षक, कर्मचारी रहे हों या कोई भी रहा हो। मैं और मेरा दल उनके जाने से दुःखी है। माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि मेरी और हमारे दल की शोक संवेदना इन दुःखी परिवारों तक पहुंचा दिया जाए। धन्यवाद।

***श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'-**

माननीय अध्यक्ष जी, मैं मानती हूं कि आज बहुत दुःख का दिन है। शायद इसके पहले कभी इतनी बड़ी संख्या में हमारे सदस्य जो पिछली सदन की कार्यवाही में हमारे साथ थे, हमें छोड़ करके चले गये। यह बहुत ही दुःखद क्षण है।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

उत्तर प्रदेश विधान के सदस्य श्री विजय कुमार कश्यप जी का 18 मई, 2021 को निधन हो गया। वे लगभग 56 वर्ष के थे। श्री विजय कुमार कश्यप जी का जन्म 19 फरवरी, 1965 को नानौता, जिला-सहारनपुर में हुआ था। उन्होंने स्नातकोत्तर तक की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री विजय कुमार कश्यप वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र चरथावल, जिला मुजफ्फरनगर से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुये थे।

मा0 अध्यक्ष जी, श्री विजय कुमार कश्यप जी श्री योगी आदित्यनाथ जी के मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री थे। वह विधान सभा की आचार समिति के सदस्य भी थे। वह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, सहारनपुर के जिला बौद्धिक प्रमुख रहे थे। सामाजिक कार्यों में तथा अध्ययन में उनकी विशेष रुचि थी। श्री विजय कुमार कश्यप जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खोया है। मैं अपने और अपने दल की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ और उनके दुःखी परिवार को सम्वेदना अर्पित करती हूँ। उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव जी, जिनकी एक अनोखी स्मृति थी और अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य के रूप में मेरा विशेषकर हमेशा उनका स्नेह और आशीर्वाद रहता था। सभी नये सदस्यों को वह बहुत प्रोत्साहित करते थे। उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव जी का 23 अप्रैल, 2021 को निधन हो गया। वह लगभग 77 वर्ष के थे। श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव जी का जन्म 6 जून, 1944 को जिला बलरामपुर में हुआ था। उन्होंने स्नात्कोत्तर की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव वर्ष 1996, 2007, 2002 व 2007 में निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ मध्य से तथा वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ पश्चिम, जिला लखनऊ से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव विधान सभा की विभिन्न समितियों में एवं अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य थे। उन्होंने राम जन्म भूमि आन्दोलन में भाग लिया था तथा जिला कारागार, उन्नाव में बन्दी रहे। वह एक भारतीय शिशु मन्दिर, राजाजीपुरम लखनऊ के अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी के उप सभापति भी थे। समाजसेवा, राजनीति, साहित्य, सृजन एवं शिक्षा में उनकी विशेष रुचि थी। श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ व समाजसेवी खो दिया है और मैं मानती हूँ कि बहुत बड़ी क्षति आज सदन की भी हुई है। मैं अपने और अपने दल की ओर से उनको श्रद्धासुमन अर्पित करती हूँ और उनके शोक संतृप्त परिवार को संवेदना अर्पित करती हूँ। उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री रमेश चन्द्र दिवाकर जी का 23 अप्रैल, 2021 को निधन हो गया। वह लगभग 58 वर्ष के थे। श्री रमेश चन्द्र दिवाकर जी का जन्म 25 जनवरी, 1963 को जिला औरैया में हुआ था। उन्होंने एम0ए0, एम0कॉम, बी0पी0एड0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री रमेश चन्द्र दिवाकर वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र औरैया आरक्षित जिला औरैया से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री रमेश चन्द्र दिवाकर विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति के सदस्य थे। वह एक कुशल राजनीतिक एवं सामाजिक

कार्यकर्ता थे। वह अपने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहते थे। समाज कल्याण एवं खेलकूद में उनकी विशेष रुचि थी। श्री रमेश चन्द्र दिवाकर जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है। मैं अपने और अपने दल की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ और उनके शोक संतृप्त परिवार को संवेदना देती हूँ। श्री केसर सिंह जी उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य थे। उनका निधन 28 अप्रैल, 2021 को हुआ था। वह लगभग 61 वर्ष के थे। श्री केसर सिंह जी का जन्म 15 अप्रैल, 1960 को ग्राम-अहमदाबाद, नवाबगंज, जिला-बरेली में हुआ था। उन्होंने इण्टरमीडिएट की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री केसर सिंह जी वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र नवाबगंज, जिला-बरेली से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। वह विधान परिषद् के सदस्य भी रहे थे। श्री केसर सिंह विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्य भी थे। वह कुशल सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता थे। वह अपने क्षेत्र के विकास के लिए सतत् प्रयत्नशील रहते थे। समाजसेवा में उनकी विशेष रुचि थी। श्री केसर सिंह जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है। मैं अपने और अपने दल की ओर से श्रद्धांजलि व उनके शोक संतृप्त परिवार को संवेदना अर्पित करती हूँ। उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री दल बहादुर जी का 07 मई, 2021 को निधन हो गया। वह लगभग 64 वर्ष के थे।

मान्यवर, श्री दल बहादुर जी का जन्म 28 जुलाई, 1957 को पदमनपुर, बिजौली, जिला रायबरेली में हुआ था। उन्होंने हाई स्कूल तक की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री दल बहादुर जी वर्ष 1993, 1996 एवं 2017 में निर्वाचन क्षेत्र सलोन, जिला रायबरेली से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री दल बहादुर जी विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य थे। वे श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री रहे थे। वे जन आन्दोलन के अन्तर्गत जिला कारागार, रायबरेली में बन्दी रहे थे। समाज सेवा तथा क्षेत्रीय विकास में उनकी विशेष रुचि थी। श्री दल बहादुर जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया। मैं अपने और अपने दल की ओर से उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ और उनके दुखी परिवार को संवेदना। उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह का 31 मई, 2021 को निधन हो गया। वे लगभग 54 वर्ष के थे। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह का जन्म 19 सितम्बर, 1966 को हाजीपुर, जिला कासगंज में हुआ था। उन्होंने स्नातक की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह वर्ष 2000 में हुए उपचुनाव व 2002 में निर्वाचन क्षेत्र सोरो, जिला एटा से राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी के टिकट पर था वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र अमॉपुर, जिला कासगंज से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह विधान सभा की विभिन्न समितियों के सदस्य रहे थे। वे विभिन्न आन्दोलनों के अन्तर्गत जिला कारागार, एटा में बन्दी रहे

थे। वे श्री कल्याण सिंह इण्टर कालेज हाजीपुर, सिदपुरा व श्रीमती गनेशी देवी गौशाला समिति, हाजीपुर के अध्यक्ष भी रहे थे। समाज सेवा, जनसेवा एवं कृषि कार्य में उनकी विशेष रुचि थी। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाज सेवी खो दिया। इस के साथ-साथ माननीय अध्यक्ष जी कोरोना काल में जो हमारे कोरोना वारियर्स, चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, कर्मचारी, शिक्षक, मीडिया के साथी और प्रदेश में बहुत बड़ी संख्या में जो हमारे भाई बन्धु जिनकी मौत हुई है मैं उनको भी अपने और अपने दल की ओर से उनके शोक चिंतित परिवार को संवेदना व्यक्त करती हूँ और आपसे अनुरोध करती हूँ कि हमारी संवेदनाएं उनके परिवार तक अवश्य पहुँचाए। धन्यवाद।

***श्रीमती लीना तिवारी-**

आदरणीय अध्यक्ष जी, पिछले दिनों इस विनाशकारी कोरोना के कारण हम सब ने अपने राज्य मंत्री और पांच विधायकों को खो दिया। यह जिन्दगी का अटूट सत्य है कि चुपके से आकर वह हमसे अपनो को छीन लेता है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री विजय कुमार कश्यप जी का 18 मई 2021 को निधन हो गया। वे लगभग 56 वर्ष के थे। वे मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री भी थे। वे विधान सभा की आचार समिति के सदस्य भी रहे थे। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सहारनपुर के जिला बौद्धिक प्रमुख रहे थे। सामाजिक कार्यों में तथा अध्ययन में उनकी विशेष रुचि थी। श्री विजय कुमार कश्यप जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाज सेवी खो दिया। उनके परिवार कि प्रति हार्दिक संवेदनाएं मैं अपनी पार्टी अपना दल (एस) की तरफ से व्यक्त करती हूँ। उत्तर प्रदेश के वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव जी का 23 अप्रैल, 2021 को निधन हो गया। वे लगभग 77 वर्ष के थे। मान्यवर, आदरणीय विधायक जी एक अभिभावक के रूप में हम सब सदस्यों को आर्शीवाद से अभिसिंचित करने के साथ-साथ हम सबका मार्गदर्शन भी करते थे। हम सबके कुछ कहने से पहले ही वो हमारे मन को पढ़ लेते थे और हम सबके विषयों को पूरी मजबूती के साथ आप के और आदरणीय मुख्य मंत्री जी के समक्ष प्रस्तुत करते थे और जब वह अधिष्ठाता के रूप में पीठ पर आसीन होते थे तो बिना किसी भेदभाव के पूरी पारदर्शिता के साथ हम सब सदस्यों के विचारों को व्यक्त करने का पूरा अवसर देते थे हम सब ने श्री सुरेश श्रीवास्तव जी के निधन के साथ एक अभिभावक एक कुशल राजनीतिज्ञ और समाजसेवी खो दिया है। इसी तरह से इस विधान सभा के सदस्य श्री केसर सिंह जी का 28 अप्रैल, 2021 को निधन हो गया वे लगभग 61 वर्ष के थे विधायक जी विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्य थे वे एक कुशल राजनैतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता थे वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहते थे समाजसेवा में उनकी विशेष रुचि थी

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

श्री केसर सिंह जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया मैं उनके परिवार के प्रति भी शोक संवेदना व्यक्त करती हूँ।

उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री दल बहादुर का 7 मई, 2021 को निधन हो गया वे लगभग 64 वर्ष के थे विधायक जी विधान सभा की अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य थे वे श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री रहे थे वे जन आन्दोलन के अन्तर्गत जिला कारागार रायबरेली में बन्दी रहे थे समाज सेवा तथा क्षेत्रीय विकास में उनकी विशेष रुचि थी। उनके जैसा खुशदिल इन्सान मैंने आज तक नहीं देखा। श्री दल बहादुर जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह का भी 31 मई, 2021 को निधन हो गया वे लगभग 54 वर्ष के थे। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह जी विधान सभा की विभिन्न समितियों के सदस्य रहे थे वे विभिन्न आन्दोलनों के अन्तर्गत जिला कारागार एटा में बन्दी रहे थे वे श्री कल्याण सिंह इण्टर कालेज हाजीपुर, सिदपुरा व श्रीमती गनेशी देवी गौशाला समिति, हाजीपुर के अध्यक्ष भी रहे थे समाज सेवा जनसेवा एवं कृषि कार्यों में उनकी विशेष रुचि थी। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

मान्यवर, इसके अतिरिक्त कोरोना के कारण जो हमारे अपने हेल्थ वर्कर्स शिक्षक कोरोना वारियर्स दिवंगत हुए हैं उन सभी के प्रति मैं अपनी और अपनी पार्टी की तरफ से शोक संवेदना व्यक्त करती हूँ। परमपिता परमेश्वर से मैं सतत् प्रार्थना करती हूँ कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे। मान्यवर, मेरा निवेदन है कि शोक संतप्त परिवार को हमारी पार्टी अपना दल एस की तरफ से शोक संवेदना पहुँचाने का कष्ट करें।

***श्री ओम प्रकाश राजभर-**

माननीय अध्यक्ष जी उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री विजय कुमार कश्यप का 18 मई, 2021 को निधन हो गया वे लगभग 56 वर्ष के थे। श्री विजय कुमार कश्यप जी का जन्म 19 फरवरी, 1965 को नानौता, जिला सहारनपुर में हुआ था उन्होंने स्नातकोत्तर की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री विजय कुमार कश्यप जी वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र चरथावल जिला मुजफ्फरनगर से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री विजय कुमार कश्यप जी श्री योगी आदित्यनाथ जी मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री थे वे विधान सभा की आचार समिति के सदस्य भी रहे थे वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सहारनपुर के जिला बौद्धिक प्रमुख रहे थे। सामाजिक कार्यों में तथा अध्ययन में उनकी विशेष रुचि थी। श्री विजय कुमार कश्यप जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

समाजसेवी खो दिया है। उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करे एवं उनके परिवार को दुःख सहने की क्षमता प्रदान करे।

उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव जी का 23 अप्रैल, 2021 को निधन हो गया। वे लगभग 77 वर्ष के थे। श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव जी का जन्म 6 जून, 1944 को जिला बलरामपुर में हुआ था, इन्होंने स्नातकोत्तर की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव जी वर्ष 1996, 2002 एवं 2007 में निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ मध्य से तथा वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ पश्चिम, जिला लखनऊ से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव जी विधान सभा की विभिन्न समितियों एवं अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य भी थे। इन्होंने राम जन्म भूमि आंदोलन में भाग लिया था तथा जिला कारागार उन्नाव में बन्दी भी थे। वे भारतीय शिशु मन्दिर राजाजीपुरम्, लखनऊ के अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश रेड क्रॉस सोसाइटी के उप सभापति भी थे। समाजसेवा, राजनीति, साहित्य, सृजन एवं शिक्षा में इनकी विशेष रुचि थी। श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है। मैं उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करे एवं परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।

उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री रमेश चन्द्र दिवाकर जी का 23 अप्रैल, 2021 को निधन हो गया, वे लगभग 58 वर्ष के थे। श्री रमेश चन्द्र दिवाकर जी का जन्म 25 जनवरी, 1963 को जिला औरैया में हुआ था। इन्होंने एम0ए0, एम0कॉम0 एवं बी0पी0एड0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री रमेश चन्द्र दिवाकर जी वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र औरैया, जिला औरैया से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री रमेश चन्द्र दिवाकर जी विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति के सदस्य भी थे। वे एक कुशल राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता थे, वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहते थे। समाज, कल्याण एवं खेल-कूद में उनकी विशेष रुचि रहती थी। श्री रमेश चन्द्र दिवाकर जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है। मैं उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ एवं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे एवं परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।

उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री केसर सिंह जी का 28 अप्रैल, 2021 को निधन हो गया, वे लगभग 61 वर्ष के थे। श्री केसर सिंह जी का जन्म 15 अप्रैल, 1960 को ग्राम-अहमदाबाद नवाबगंज, जिला बरेली में हुआ था। इन्होंने इण्टरमीडिएट की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री केसर सिंह जी वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र नवाबगंज जिला बरेली से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे विधान परिषद् के सदस्य भी रहे थे। श्री केसर सिंह जी विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्य भी थे। वे एक कुशल,

सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता थे, वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए सतत् प्रयत्नशील रहते थे, समाजसेवा में उनकी विशेष रुचि थी। श्री केसर सिंह जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल, राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है। मैं उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूँ एवं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे एवं परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे।

उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री दल बहादुर जी का 07 मई, 2021 को निधन हो गया, वे लगभग 64 वर्ष के थे। श्री दल बहादुर जी का जन्म 28 जुलाई, 1957 को पदमलपुर बिजौली, जिला रायबरेली में हुआ था। इन्होंने हाई स्कूल तक की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री दल बहादुर जी वर्ष 1993, 1996 एवं 2017 में निर्वाचन क्षेत्र सलोन, जिला रायबरेली से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री दल बहादुर जी विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य थे एवं श्री कल्याण सिंह जी के मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री थे। वे जन आन्दोलन के अन्तर्गत जिला कारागार रायबरेली में बन्दी थे, समाजसेवा एवं क्षेत्रीय विकास में उनकी विशेष रुचि थी। श्री दल बहादुर जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है। उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ एवं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें, उनके परिवार को दुःख सहने की ताकत दें। उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह जी का 31 मई, 2021 को निधन हो गया, वे लगभग 54 वर्ष के थे। श्री देवेन्द्र प्रताप जी का जन्म 19 सितम्बर, 1966 को हाजीपुर जिला कासगंज में हुआ था। उन्होंने स्नातक की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह जी, वर्ष 2000 में हुए उप चुनाव व 2002 में निर्वाचन क्षेत्र सोरों जिला एटा से राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी के टिकट पर तथा वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र अमॉपुर, जिला कासगंज से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह जी विधान सभा की विभिन्न समितियों के सदस्य रहे थे। वे विभिन्न आन्दोलनों के अन्तर्गत जिला कारागार एटा में बन्दी रहे थे। वे श्री कल्याण सिंह इण्टर कालेज हाजीपुर, सिदपुरा व श्रीमती गनेशी देवी गौशाला समिति, हाजीपुर के अध्यक्ष भी रहे थे। समाज सेवा, जनसेवा एवं कृषि कार्य में उनकी विशेष रुचि थी। श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया। उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें एवं उनके परिवार को दुख सहने की क्षमता प्रदान करें। प्रदेश में कोरोना से जिन नागरिकों की एवं कोराना वारियर्स जिन योद्धाओं की मृत्यु हुई उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ एवं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उन सभी लोगों की आत्मा को शान्ति प्रदान करें एवं उनके परिवार को दुख सहने की क्षमता प्रदान करें।

[11:55] कोरोना काल में दिवंगत हुए पूर्व मंत्री एवं पूर्व सदस्यों के प्रति शोक-सम्वेदना व्यक्त किये जाने की मांग

नेता विरोधी दल (श्री राम गोविन्द चौधरी)-

माननीय अध्यक्ष जी, जितने वर्तमान माननीय सदस्य हमारे बीच में नही रहे, अधिकारीगण, कर्मचारीगण, शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी, सफाई कर्मी, जनता के लोग पत्रकार बन्धुओं जो हमारे बीच नहीं रहे सबके लिए हमने श्रद्धांजलि अर्पित की है जो कोरोना काल में दिवंगत हुए। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आपने एवं माननीय मुख्य मंत्री जी ने कभी-कभी परम्परा से अलग हटकर विधान सभा में श्रद्धांजलि और शोकसभा करने का काम किया है। उत्तर प्रदेश के वरिष्ठतम् तीन नेता जो माननीय सदन के सदस्य भी रहे हैं उनका भी कोरोना काल में ही आकस्मिक निधन हुआ है, पण्डित विनोद सिंह उर्फ पण्डित सिंह, जशपाल चौधरी जी एवं राममूर्ति वर्मा जी, जो एम0पी, विधायक और मंत्री भी इस सदन में रहे। हाजी रियाज पीलीभीत, वे भी मंत्री रहे। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि जब सबका हो गया, जनता का सब अधिकारी कर्मचारी कोरोना काल में जितने लोगों की मृत्यु हुई, इनकी भी कोरोना काल में मृत्यु हुई है। कृपया माननीय मुख्य मंत्री जी एवं सब लोग इनके विषय में भी कह देते तो उनकी भी आत्मा को शान्ति मिल जाती।

श्री अध्यक्ष-

यह विषय कार्य-मंत्रणा समिति में आया था, उसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ कि जो हमारे पूर्व विधायक हो, विधान सभा के सदस्य हों, जिनका निधन हुआ उनका हम दूसरी तारीख में शोक व्यक्त करेंगे और जो हमारी विधान सभा के वर्तमान सदस्य रहे हैं उनके लिए आज का दिन तय हुआ था। जो आप बता रहे हैं उनमें जो भी पूर्व सदस्य होंगे, उनको हम लोग अगली तिथि जो शोक-संवेदना की है उसमें ले लेंगे शोक व्यक्त करना तो हम लोगों का धर्म है, उसे सूची में शामिल कर लेंगे।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मुख्य मंत्री जी सम्भवतः यहां रहे या न रहे वो तो आप पढ़ देंगे, मेरा आग्रह यह था कि कोरोना काल में ही जिनकी मृत्यु हुई है, तो थोड़ा मुख्य मंत्री जी भी सम्वेदना व्यक्त कर देते और दल के नेता भी कर देते तो उन सबकी आत्मा को शान्ति मिलती।

श्री अध्यक्ष-

एक कार्यक्रम बना था अब चर्चा तो हो नहीं रही है माननीय नेता प्रतिपक्ष जी।

श्री महबूब अली-

हम कहेंगे कि उनके लिये भी दो मिनट का मौन रख लें। मेरा अनुरोध है कि आज इसके अलावा दूसरा कोई काम नहीं है। दो-दो मिनट सबके लिये मौन हो जाये।

श्री अध्यक्ष-

एक दिन आपकी कार्य-मंत्रणा समिति में आपके सदस्य उपस्थित थे, हम आपकी बात का विरोध नहीं कर रहे हैं, आपकी बात आदर योग्य है, लेकिन कार्य-मंत्रणा समिति में सिफारिशें आयी थीं और वहां पर इस विषय पर चर्चा हुई थी। नरेन्द्र वर्मा जी आपकी तरफ से गये थे उनके सामने और ये जो बहुजन समाज पार्टी के नेता थे, मोना जी भी थीं और लीना जी भी थी तो एक निर्णय हुआ था। उस निर्णय का सम्मान करना चाहिये और आज या कल कार्य-मंत्रणा समिति फिर बैठ सकती है वो एक दिन तय है, अब सुरेश कुमार खन्ना जी कुछ कहना चाहते हैं।

वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

यह कोई विवाद का विषय नहीं है। हम तो खुद चाहते थे कि सबका शोक व्यक्त हो जाये। अगर आपको याद होगा माननीय अध्यक्ष जी, जब सभी लोगों की यह राय हुई तो मैंने भी अपने आपको वैसे ही कर लिया। इसलिये मैं समझता हूं कि पहले हम नियमों से चलते हैं और फिर परम्पराओं से चलते हैं हमे लोगों ने याद दिलाया कि ऐसी कोई परम्परा नहीं है।

श्री अध्यक्ष-

माननीय सुरेश कुमार खन्ना जी कह रहे थे कि आज ही कर लिया जाये।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

आपके वर्मा जी थे और भी सदस्यगण थे और सभी लोगों ने मिलकर यह तय किया कि यह अलग से हो जायेगा। यह विवाद का विषय नहीं है।

श्री अध्यक्ष-

आदरणीय सदन शोकाकुल है हम सब बहुत दुःखी हैं हमारे ही बीच साथ-साथ काम करने वाले माननीय 6 मित्र सदस्य हमारे विजय कुमार जी, सुरेश जी, रमेश चन्द्र दिवाकर जी, केसर सिंह जी, दल बहादुर जी और देवेन्द्र प्रताप सिंह इनके निधन पर माननीय नेता सदन, आदरणीय श्री माननीय योगी जी, माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री राम गोविन्द जी ने और सभी दलीय नेताओं ने जो उद्‌गार व्यक्त किये हैं मैं उनसे स्वयं को सम्बद्ध करता हूं। हमारी ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शान्ति दे शोक संतप्त परिवार को यह दुःख सहने की शक्ति दे। हम प्रकृति की समस्त शक्तियों का भी आवाहन करते हैं, कि पृथ्वी इन दिवंगत आत्माओं को शान्ति दे, आकाश शान्ति दे, नदियां शान्ति दे, पूरा ब्रह्माण उन्हें शान्ति दे। मैं आप लोगों द्वारा किये गये अनुरोध कि इनका शोक सन्देश इनके परिजनों को पहुंचा दिया जाए मैं शोक सन्देश इनके परिजनों को पहुंचवा दूंगा।

अब हम कल पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिये उठते हैं।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 12 बजकर 03 मिनट पर अगले दिन के 11:00 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :
दिनांक 17 अगस्त, 2021

प्रदीप कुमार दुबे,
प्रमुख सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0-एल0 177 विधान सभा (273)-26-11-2021-631 प्रतियां (कम्प्यूटर)।